शिकायत से बौखलाये आशिक ने प्रेमिका के चाचा-चाची पर किया फायर, फिर खुद को मारी गोली

वारदात में चाची एवं आशिक की मौत, चाचा का चल रहा इलाज

चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र के जोरवारा गांव में शनिवार देर रात प्रेम प्रसंग में सनसनीखेज वारदात हुई। आरोपी श्यामाधर मिश्रा उर्फ बबुआ ने नाबालिग प्रेमिका के चाचा-चाची पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। चाची की मौत हो गई, चाचा गंभीर घायल है। बाद में आरोपी ने खुद को गोली मार ली। सोमवार को प्रयागराज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतका के बेटे ने बताया कि आरोपी दो साथियों दिनेश मिश्रा व पंकज के साथ आया था। पहले एक व्यक्ति को घर भेजकर लोकेशन ली, फिर दरवाजे पर खड़े चाचा पर दो फायर किए, घसीटकर बरामदे में लाया। बचाने आई चाची के सीने व पेट में तीन फायर झोंक दिए। लोग घरों में दुबक गए। बताया गया कि बबुआ का गांव की ही नाबालिग लड़की से दो साल से प्रेम प्रसंग था। नौ अक्टूबर की रात परिजनों ने उसे लड़की से बात करते देख यूपी ११२ को सूचना दी।

दस अक्टूबर को लड़की की मां व चाचा ने थाने में छेड़खानी, पॉक्सो व एससी एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसी दिन एसडीएम कोर्ट से उसे जमानत मिल गई। शाम को वह मोहल्ले में गालीगलौज कर रिपोर्ट वापस लेने की धमकी देता रहा। एसपी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने घेराबंदी की तो गांव से कुछ दूर खेत में बबुआ तमंचे के साथ लहूलुहान मिला। मऊ से प्रयागराज रेफर किया गया। जहां मौत हो गई। सोमवार को शव गांव लाया गया। मृतका के बेटे की तहरीर पर बबुआ समेत तीनों पर हत्या, एससी एसटी समेत सात धाराओं में केस दर्ज हुआ है। मौके से ३१५ बोर का तमंचा, छह खोखा व एक जिंदा कारतूस मिला है।

पुलिस तमंचे के स्रोत की जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। मृतका के शव का एक्स-रे भी कराया गया, क्योंकि एक गोली शरीर में नहीं मिली। घायल चाचा का प्रयागराज में इलाज जारी है। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने बताया कि धाराएं सात साल से कम सजा की होने से गिरफ्तारी नहीं की गई थी। शांति भंग में चालान किया गया था। दर्ज मामले की जांच जारी थी।



जोरवारा गांव में घटना स्थल पर जानकारी लेते एसपी।



बालक की मौत के बाद दु:खी परिजन

सूने घर में बच्ची को दिया जन्म, मां की मौत

रात में हुआ था प्रसव, सुबह बच्ची की रोने की आवाज सुनकर पड़ोसियों को हुई जानकारी

चित्रकूट। पहाड़ी कस्बे के लोहदा मार्ग पर किराए के घर में रहकर मजदूरी करने वाली महिला ने सूने घर में रविवार की देर रात को बालिका को जना। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई लेकिन घर में कोई सदस्य के न होने पर उसे कोई अस्पताल नहीं पहुंचा सका और वह घर के बरामदे में ही तड़पती रही। सोमवार को तड़के पड़ोसियों ने देखा तो एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि बालिका स्वस्थ्य होने पर उसका इलाज जारी है।

सगवारा गांव निवासी राजा निषाद ने बताया कि वह पत्नी सरोज निषाद (२२) के साथ पहाड़ी में रहकर मजदूरी करता है। पत्नी के प्रसव का समय पूरा होने पर वह तीन वर्षीय पुत्री को लेकर रविवार की दोपहर सगवारा गांव से अपनी मां को लेने आया था। सोमवार की सुबह मां ने साथ चलने के लिए कहा तो वह रूक गया। इधर, पहाड़ी निवासी पड़ोसी अशोक सिंह ने बताया कि प्रसूता घर में अकेली थी और रात में ही उसे प्रसव हुआ। सुबह आसपास के लोगों को बालिका के रोने की आवाज सुनकर जानकारी हुई। अंदर जाकर देखा तो महिला बेहोशी हालत में पड़ी थी। थाना प्रभारी निशिकांत राय ने बताया कि पुलिस टीम ने एंबुलेंस बुलाकर जच्चा बच्चा को सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी प्रभारी डा. उदय सिंह ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

ट्रेन की चपेट में आये युवक की गयी जान

चित्रकूट। मुंबई से रींवा मध्य प्रदेश जाने के लिए सीधी मइरिया गांव का एक युवक ट्रेन पकड़ने के लिए मानिकपुर के प्लेटफार्म नंबर दो की ओर पटरी पार कर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। सीधी थाना क्षेत्र के मइरिया निवासी संतोष मिश्रा ने बताया कि उसका पुत्र कमल नयन मिश्रा (२३) मुंबई में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह मुंबई से ट्रेन से गांव आ रहा था। जीआरपी प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह युवक प्लेटफार्म नंबर दो की ओर आने के लिए पटरी पार कर जैसे ही प्लेटफार्म पर चढ़ने का प्रयास किया तो इसी बीच मालगाड़ी के आने से वह इसकी चपेट में आ गया। उसके बैग से मिले मोबाइल और कागज से शिनाख्त कर स्वजन को जानकारी दी। जीआरपी ने सोमवार को पहुंचे स्वजन की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराकर शव सौंपा।

पूजा पण्डाल में करण्ट से बालक की मौत

जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र के खटहरा गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में आरती के दौरान टेंट के लोहे की पाइप में उतरे करंट की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। बच्चा अपने मां बाप की इकलौती संतान था। इस घटना के बाद पलभर में ही भक्तिमय माहौल मातम में बदल गया और पूजा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर पहले जहां पंडाल में माता के जयकारे गूंज रहे थें वहां चीख-पुकार और सन्नाटा पसर गया।

हादसे में जान गंवाने वाला बालक अपने घर का इकलौता चिराग था। उसकी असमय मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और मां-बाप समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हृदयविदारक घटना से पूरा खटहरा गांव स्तब्ध और शोक में डूबा हुआ है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर इस हादसे ने सार्वजनिक आयोजनों में बिजली के ढीले और असुरक्षित इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। टेंट के पाइप में करंट कैसे फैला, पुलिस इन तमाम पहलुओं की जांच कर रही है।

नौकरी दिलाने के नाम पर दस लाख की ठगी

जौनपुर। कोतवाली पुलिस ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर दलित से दस लाख रूपये ठग लेने तथा वापस मांगने पर गाली देना ध्और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में विद्यालय के एक कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। बताया गया है कि सिकरारा थाना क्षेत्र के पोखरियापुर गांव निवासी रोहिता गौतम पुत्र दशरथ गौतम की बातचीत मोहित भाटिया पुत्र स्वर्गीय कमल भाटिया निवासी गोमती नगर कालोनी कटघरा थाना कोतवाली से थी। मोहित भाटिया (शिक्षक एमबीए) ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नौकरी लगवाने के नाम पर रोहित गौतम से दस लाख रूपया इस बात पर लिया कि वह उसकी बाबू के पद पर नौकरी पहले एढाक पर लगवा देगा जहां कुछ दिन करने के बाद उसकी परमानेंट हो जाएगी उसकी बात पर विश्वास करके आनलाइन तथा नगद रूपया दे दिया। लेकिन काफी दिन बीत जाने के बाद भी जब उसकी नौकरी नहीं लगी तब वह अपना पैसा वापस मांगने लगा जिसे देने में आरोपी आनाकानी करने लगा। इसी वर्ष के तीन अक्टूबर को जब रोहित अपना पैसा मांगने के लिए उसके घर पर गया तो आरोपी ने उसे गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगा। इतना ही नहीं अपने पिता लाइसेंसी बदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी भी देने लगा। कोवताली पुलिस ने तहरीर के आधार पर दलित उत्तपीड़न समेत कई धाराओं में मामला पंजी.त कर जांच शुरू कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि पैसा लेने का आरोपी पूर्वांचल विश्वविद्यालय में किसी पद पर नौकरी करता है।

रेलवे ट्रैक के किनारे मिला महिला का शव

जौनपुर।जलालपुर क्षेत्र के सिरकोनी - रेलवे लाइन पर बाकराबाद गांव के पास रविवार की रात एक अज्ञात महिला की लाश क्षत विक्षत स्थिति में मिली। शव मिलने से सनसनी फैल गई।पॉइंट मैन रवि बिंद की ने घटना सूचना पहुंची को दिया।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शव की अभी शिनाख्त नहीं हुई है उम्र लगभग २४ वर्ष है।मृतक लोवर कुर्ती पहने हुए है । सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त कराई जा रही है।

विद्यालय से दो सिलेंडर और खाद्यान्न उठा ले गये चोर

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाकराबाद में रविवार की रात चोर एमडीएम का दो सिलेंडर व खाद्यान्न उठा ले गए।प्रधानाध्यापक यसवंत सिंह ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दिया है । प्रधानाध्यापक ने बताया कि रविवार की रात को चोर किचन के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए।चोर किचन में रखे दो सिलेंडर उठा ले गए जिसमे एक खाली तथा एक भरा हुआ था।

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करेगी विज्ञान बस

चित्रकूट। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा संचालित विज्ञान बस को मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम के निर्देश पर उपलब्ध कराई गई यह बस ११ से २५ अक्टूबर तक निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में पहुंचेगी। आसपास के माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों के विद्यार्थी भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक .ष्टिकोण विकसित करना, विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाना तथा उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से परिचित कराना है।

बाइक की टक्कर से वनकर्मी की मौत

चित्रकूटं। परिवार के साथ रिश्तेदार के घर से रविवार की रात को लौट रहे संविदा वनकर्मी को तेज गति से जा रही बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। इससे वनकर्मी घायल हो गया। सीएचसी में भर्ती कराया गया। वनकर्मी की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल फिर रात में प्रयागराज रेफर किया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के चूल्ही गांव निवासी गोरेलाल ने बताया कि उसका चाचा संविदा वनकर्मी जगमोहन कोल (५०) रविवार को पत्नी मन्ता देवी और तीन बच्चों के साथ झरी फाटक के पास रहने वाले रिश्तेदार रामबाबू के घर आया था। देर रात को वह साधन न मिलने पर परिवार के साथ पैदल ही अपने गांव चूल्ही लौट रहा था। जैसे ही चूल्ही के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आई एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ। राहगीरों व परिजनों ने सीएचसी मानिकपुर में भर्ती कराया। जगमोहन की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां से डाक्टर ने प्रयागराज रेफर कर दिया। रास्तेमें उसकी मौत हो गई। उसके सात बच्चे हैं। सोमवारको पुलिसने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनोंको सौंपा।

सुर, ताल के साथ सांस्कृतिक संध्या ने बिखेरे रंग

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में रविवार शाम सुरों, तालों और अभिनय की अनूठी महफिल सजी। नवरात्र के पावन प्रारंभ के अवसर पर आयोजित ?सांस.तिक संध्या' ने परिसर को भक्ति, संगीत और उत्सव के रंगों से भर दिया। देवी गीतों की मधुर प्रस्तुति से शुरू हुए कार्यक्रम ने उपस्थित श्रोताओं को आध्यात्मिक वातावरण में बांध लिया।कार्यक्रम की शुरूआत में देवी गीत की प्रस्तुति ने नवरात्र के पहले दिन की पवित्रता को और गहराई दी। इसके बाद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन, लोकनृत्य तथा एकल एवं सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। विश्वास के गीत ?तू ही मुझको बता दे' और ?चाहूं मैं या ना' की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया, जबकि अर्जुन के गिटार वादन और अनुष्का के आकर्षक घूमर नृत्य पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। कुलपति प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में असीम संभावनाएं और कलात्मक क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होतीय संगीत, साहित्य, नृत्य और लोक संस्.ति विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को संवेदनशील, सृजनात्मक और आत्मविश्वासी बनाते हैं। सांस.तिक संध्या का विशेष आकर्षण पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह की प्रस्तुति रही। उन्होंने अपने म्यूजिक एल्बम के चर्चित गीतों को गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। संचालन सलमान शेख और छात्रा ईश्विका सिंह ने किया। ईश्विका सिंह के शायराना अंदाज में किए गए संचालन ने कार्यक्रम में जोश और सौंदर्य का अनूठा संगम भर दिया। उनके शब्दों ने प्रस्तुतियों के बीच सेतु का काम किया और दर्शकों का उत्साह बना रहा।



लोक नृत्य करतीं छात्राएं।

जिले में स्थापित ११८१ दुर्गा प्रतिमाएं, सुरक्षा के चौकस प्रबंध

चित्रकूट। शारदीय नवरात्रि के द्वितीय स्वरूप की उपासना विधिविधान से हुई। जनपद में इस वर्ष परम्परागत रूप से ११८१ दुर्गा प्रतिमाओं' की स्थापना विभिन्न कस्बों, नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में की गयी है। सभी प्रतिमा स्थलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। आयोजन समितियों के साथ थाना प्रभारियों एवं नोडल अधिकारियों द्वारा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। दुर्गा पंडालों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। महिला पुलिस एवं सादे वस्त्रों में भी पुलिस बल लगाया गया है। विसर्जन स्थलों पर डीएम पुलकित गर्ग के सहयोग से प्रकाश व्यवस्था, पीए सिस्टम, नाव, गोताखोर, हाइड्रा क्रेन की व्यवस्था की गयी है। अत्यधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त विसर्जन मार्गो की मरम्मत के लिए सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया है। एसपी एके सिंह ने बताया कि पूरे त्योहार के दौरान सोशल मीडिया मॉनिटरिंग एवं ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गयी है। आम जनमानस से अपील है कि सभी त्योहारों को उल्लास, संयम एवं भाईचारे के साथ मनायें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

मां जगदम्बे के दूसरे स्वरूप देवी ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा उपासना

चित्रकूट। शारदीय नवरात्रि में शक्ति की उपासना, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। घरों से लेकर मंदिरों और पूजा पंडालों तक देवी भक्ति की धूम रही। मानिकपुर के विंध्य पर्वत स्थित मरवारिया पहाड़ पर विराजमान आनंदी माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसके अलावा कर्वी शहर के काली देवी मंदिर, बंधोइन माता मंदिर सहित मानिकपुर स्थित दुर्गा मंदिर, संतोषी माता मंदिर, काली माता मंदिर और बरम बाबा की दुर्गा माता मंदिर में भी सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा।

मां के गूंजे जयकारे, दर्शन-पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

जौनपुर। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को माता शीतला चौकियां धाम में भक्तों की भीड़ रही। प्रात:काल आरती पूजन के पश्चात मातारानी जी के जयकारों से शीतला चाकियां धाम गूंज उठा। दर्शन पूजन, जनेऊ, मुंडन संस्कार आदि संस्कार के लिये सोमवार और शुक्रवार का दिन विशेष माना जाता है। माँ के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी के दर्शन पूजन के लिये सोमवार भोर से ही भक्त कतार में लगे रहे।भोर साढ़े चार बजे माँ की मंगला आरती के बाद दर्शन पूजन का क्रम शुरू हूआ जो दिनभर चलता रहा। बताया गया कि मां ब्रह्मचारिणी देवी भक्तों को निरोगी काया, धनसम्पदा तथा मान में वृद्धि देने वाली हैं।कड़ाही करने वाले भक्तों ने ब्रह्मचारिणी माता को पचरा गाते हुए हलवा, पूड़ी के साथ अड़हुल का फूल, गजरा, ध्वजा, नारियल आदि चढ़ावा चढ़ाया। धाम में जगह जगह दर्शनार्थी महिलायें दिनभर कड़ाही करती रहीं जो देर शाम तक चलता रहा। भक्तों ने मंदिर के पूर्वी तथा दक्षिणी द्वार पर बैठे भिखारियों को अन्नधन, वस्त्र आदि दान दक्षिणा किया। शुक्रवार बहराम का दिन होने के कारण धाम के नाऊबाड़े में दिनभर नौनिहालों का मुंडन संस्कार होता रहा। मातारानी जी का दर्शन पूजन करने के पश्चात भक्तगण काल भैरवनाथ मंदिर, दुर्गा पूजा पंडाल,काली मातारानी मन्दिर में दर्शन पूजन करते हुए नजर आए। मन्दिरके बाहर बने कंट्रोल रूम, खोया पाया केंद्र से बिछड़े हुए परिवारके सदस्यों, पुलिस, पंडा परिवार द्वारा सहायताकी गई। कंट्रोल रूम से भीड़को नियंत्रित किया जाता रहा।

पांच हजार मजदूरों को मिला काम

जफराबाद। वीबी जी रामजी योजन के अंतर्गत सोमवार को एक विशेष अभियान चलाया गया।इसके तहत सिरकोनी विकास खण्ड के ६६ ग्राम पंचायतों में पांच हजार अकुशल मजदूरों को को रोजगार दिया गया।इसके पूर्व सभी मजदूरों को वीबी-जी राम जी के बारे में जानकारी दी गयी।

मजदूरों को बताया गया कि अब उन्हें इस योजना के अंतर्गत १०० के बजाय १२५ दिन का काम मिलेगा।

चोरी की २४ साइकिलों के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर। बरसठी थाने की पुलिस ने सोमवार को चोरी की २४ साइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपी की पहचान इसी थाना क्षेत्र के परियत गांव निवासी रमेश पाठक के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से २४ साइकिलें बरामद की है। फिल्हाल पुलिस इस मामले को लेकर बीएनएस की धारा ३०३(२), ३१७(२) और ३१७(५) में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

गला रेतकर अधेड़ की हत्या, गांव में तनाव

जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र के नारीपुर गांव में सोमवार को ५२ वर्षीय ओमप्रकाश मिश्र की गला रेतकर हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। वारदात के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मृतक ओमप्रकाश मिश्र पूर्व ग्राम प्रधान राजेंद्र मिश्र के भाई थे। हत्या की खबर फैलते ही ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा घटनास्थल और आसपास के इलाकों में सतर्कता बरती जा रही है।हत्या की वजह अभी साफ नही है।

मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन

चित्रकूट। २० वर्षो से संविदा पर कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों ने नियमितीकरण और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने समेत सात मांगों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर के नेतृत्व में उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।जिलाध्यक्ष ने बताया कि वर्ष २००६ में मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में उनकी नियुक्ति हुई थी। प्रदेश में करीब ३३ हजार ग्राम रोजगार सेवक संविदा पर कार्यरत हैं। उन्हें मनरेगा की प्रशासनिक मद से मानदेय मिलता है, लेकिन भुगतान और सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। सेवकों ने १० माह का बकाया मानदेय देने, वर्ष २०१५ से यूएनएन खातों में लंबित धनराशि जमा कराने, नया मोबाइल फोन और रिक्त ग्राम पंचायतों की आइडी पासवर्ड उपलब्ध कराने की मांग की।



प्रदर्शन करते ग्राम रोजगार सेवक।

भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच नारेबाजी

जौनपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के घेराव को लेकर सोमवार को भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में महिला पदाधिकारियों की टीम कांग्रेस कार्यालय पहुंची तो वहां मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी के नेतृत्व में नारेबाजी की। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए जाने से माहौल गरमा गया।

स्थिति को देखते हुए मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने मोर्चा संभाला और हालात को नियंत्रण में रखा।इस दौरान कांग्रेस नेता राकेश मिश्रा ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वोट चोरी करने वाली सरकार है और बलात्कार के आरोपों का सामना करने वाले लोगों तथा भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देती है। उन्होंने मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई हिंसा और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मामले का उल्लेख करते हुए भाजपा पर महिलाओं के सम्मान की अनदेखी करने का आरोप लगाया। मिश्रा ने कहा कि इन घटनाओं से देश की गौरवशाली छवि को ठेस पहुंची है।



जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने खड़े भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता

सचिव ने जेल लीगल एड क्लीनिक का किया निरीक्षण

चित्रकूट। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला जज शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी ने सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। जेल लीगल एड क्लीनिक में अनुरक्षित पंजिकाओं का अवलोकन किया गया। जेल लीगल एड क्लीनिक में नियुक्त जेल पीएलवी को निर्देशित किया गया कि ऐसे बन्दी जिनके पास उनके वाद की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है उनके प्रार्थना पत्र लेकर अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से नियमानुसार कार्यवाही के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। सचिव ने १५ अक्टूबर को होने वाली अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के विषय में चर्चा की गयी। अधीक्षक जिला कारागार को पात्र बन्दियों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। समिति द्वारा प्राप्त सूचना आंकड़ो की समीक्षा की जायेगी। इस अवसर पर कुश कुमार सिंह अधीक्षक जिला कारागार, गुलाब सिंह यादव उपकारापाल, गया प्रसाद निषाद मुख्य न्याय रक्षक, योगेन्द्र सिंह एवं स्वाती तिवारी सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल आदि उपस्थित रहे।

इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उच्चतम न्यायालय तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार चलाये जा रहे राष्ट्र के प्रति मध्यस्थता अभियान ३.० के सफल आयोजन के लिए जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में बताया गया कि मध्यस्थता के माध्यम से आपसी सहमति और समझौते के आधार पर विवादों का समाधान किया जा सकता है। इसके माध्यम से लोगों को सरल, सुलभ एवं शीघ्र न्याय प्राप्त करने में सहायता मिलती है। आमजन से अपील है कि वे अपने ऐसे विवादों, जिनका मध्यस्थता के माध्यम से समाधान संभव है, के निस्तारण के लिए मध्यस्थता का विकल्प अपनाने पर विचार करें।

एमएलसी चुनाव के लिए प्रशिक्षित किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी

चित्रकूट। एडीएम उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारां उप्र विधान परिषद के लिए इलाहाबाद झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी गयी है। आयोग द्वारा निर्गत कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन के लिए मतदान २३ अक्टूबर तथा मतगणना २७ अक्टूबर को रिटर्निंग आफिसर इलाहाबादझांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं आयुक्त झॉसी मण्डल में हागी। जनपद में कुल १३ मतदेय स्थल और ६ मतदान केन्द्र है। सभी १३ मतदेय स्थलों के लिए १३ पोलिंग पार्टी एवं ३ रिजर्व पार्टी का गठन कर लिया गया है।

मयंकके बहुमुखी प्रदर्शनसे फूलपुर सेमीफाइनलमें, इलाहाबाद दक्षिणकी पहली जीत

प्रयागराज खेल

नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में सोमवार को फूलपुर विधानसभा और इलाहाबाद दक्षिण की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। केपी कालेज मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में फूलपुर ने कोरांव विधानसभा को ४९ रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, दूसरे मुकाबले में इलाहाबाद दक्षिण ने सोरांव विधानसभा को आठ विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता में पहली जीत दर्ज की। फूलपुर की जीत के नायक मयंक दुबे रहे, जबकि इलाहाबाद दक्षिण की जीत में निशांत कुशवाहा ने नाबाद ७० रन की तूफानी पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई। पहले मुकाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फूलपुर की टीम ने निर्धारित २० ओवर में १३१ रन बनाए। देवांश पाठक ने ३७ और मयंक दुबे ने ३० रन का योगदान दिया, जबकि अखिल कुमार कश्यप ने १३ रन बनाए। कोरांव की ओर से आदर्श पांडेय ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरांव की टीम फूलपुर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और निर्धारित २० ओवर में ८२ रन ही बना सकी। अनुराग यादव ने सर्वाधिक २४ रन बनाए। फूलपुर की ओर से मयंक दुबे ने दो विकेट झटके, जबकि जितेंद्र यादव, दिव्यांश यादव और अभिनव तिवारी ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस तरह फूलपुर ने ४९ रन से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मुकाबले के बाद डा. अनूप श्रीवास्तव ने मयंक दुबे को प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सोरांव की टीम १९.४ ओवर में ११० रन पर सिमट गई। अनिकेत सिंह ने २७, रौनक चौरसिया ने १८ और सत्येंद्र यादव ने १७ रन बनाए।



इलाहाबाद दक्षिण की ओर से अक्षत पांडेय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके, जबकि तन्मय ने दो विकेट हासिल किए। जवाब में इलाहाबाद दक्षिण की टीम ने निशांत कुशवाहा की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर महज १३.१ ओवर में दो विकेट खोकर ११४ रन बनाते हुए आठ विकेट से जीत दर्ज की।

निशांत ने नाबाद ७० रन की शानदार पारी खेली, जबकि ताहा अली ने २१ रन बनाए।मैच से पूर्व शेष नारायण करवरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मुकाबले के बाद इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की जूनियर चयन समिति के सदस्य योगेश कुशवाहा ने निशांत कुशवाहा को प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

कात्यायनीका यूपी अंडर-१९ टीममें चयन

शहर की उभरती महिला क्रिकेटर कात्यायनी पाठक का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-१९ महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। वह मुंबई में आठ अक्तूबर से आयोजित अंडर-१९ महिला टी-२० ट्राफी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। कात्यायनी के चयन से उसके परिवार में खुशी की लहर है।



नैनी के विनायक नगर निवासी कात्यायनी दाएं हाथ की बल्लेबाज एवं आफ ब्रेक गेंदबाज हैं। वह केएन काटजू इंटर कालेज मैदान पर प्रशिक्षक अमर चौधरी और हृदय नारायण पांडेय के निर्देशन में क्रिकेट का नियमित अभ्यास करती हैं। मैदान पर निरंतर मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। कात्यायनी के पिता जेके पाठक और माता किरण पाठक हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

२५ कृषकों का दल प्रशिक्षण के लिए रवाना

चित्रकूट। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंषन योजनान्तर्गत सोमवार को विकास भवन परिसर से सीडीओ डीपी पाल व जिला कृषि अधिकारी आरके वर्मा ने बस को हरी झंडी दिखाकर २५ .षकों को राज्य के बाहर .षक भ्रमण एवं प्रषिक्षण के लिए भारतीय सरसों अनुसंधान केन्द्र सेवर भवतपुर राजस्थान के लिए रवाना किया गया।

.षक भ्रमण प्रषिक्षण १८ अक्टूबर तक आयोजित किया जायेगा। जिसमें .षकों को तिलहनी फसलों की खेती एवं उपयोगिता के बारे में प्रषिक्षित कराया जायेगा। प्रतिभाग करने वाले .षकों में पांचो विकासखण्डों से ५-५ किसानों को प्रतिभाग कराया गया। जिसमें गिरधारी लाल तिवारी पुत्र स्व संम्पत लाल तिवारी, ग्राम तिलौली विकाखण्ड मऊ, संजय गौतम पुत्र भूपत गौतम ग्राम सिंहपुर ब्लाक मऊ, विजय मिश्रा पुत्र कामतालाल मिश्रा ग्राम बरिया ब्लाक रामनगर, राकेश मिश्रा पुत्र कामता प्रसाद मिश्रा ग्राम बरिया, प्रिंसी देवी पत्नी हरि प्रसाद ग्राम मानिकपुर आदि .षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्त .षक तिलहनी फसलों की खेती के बारे में सीखे एवं अपने जनपद में अन्य .षकों को भी बताये तथा अपनी खेती में इसका प्रयोग करें। इस मौके पर समस्त प्रतिभागी .षक एवं .षि विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।